# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 77 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 19 मार्च 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें इनमें 3 लड़कियां




**छ.ग.फ्रंटलाइन दिल्ली।** पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेस्क्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

### अधिकारी बोले- नीचे लपटें और ऊपर घना धुआं था

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एस. के. दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हैं। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि कूलिंग ऑपरेशन जारी है। इसके बाद बिल्डिंग में एक बार फिर सर्च और रेस्क्यू किया जाएगा।

वहीं, एनडीआरएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर विक्की रांगा ने कहा बताया कि वे 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गए थे। तब तक दिल्ली फायर सर्विस और अन्य एजेंसियां आग बुझाने में लगी थीं। बिल्डिंग अंदर से काफी क्षतिग्रस्त हो गई है, ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन करना बड़ी चुनौती है। एहतियात के तौर पर आसपास की इमारतों को भी खाली करा लिया गया है।

# चार्जिंग के दौरान ईव्ही कार में धमाका 7 की मौत



**छ.ग.फ्रंटलाइन इंदौर।** बंगाली चौराहे के पास एक कॉलोनी में बुधवार तड़के 4 बजे भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने भीषण अग्निकांड का रूप ले लिया। कार में धमाके के कारण पूरा घर जलकर खाक हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दरअसल, ये मामला बंगाली चौराहे के पास बनी कॉलोनी बृजेश्वरी एनेक्स का है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, मकान मालिक मनोज पुगलिया के घर के बरामदे में ईव्ही कार थी, जिसमें चार्जिंग के दौरान विस्फोट हो गया। इसमें विस्फोट होने के सबूत भी मिले हैं। माना जा रहा है कि ओवर चार्जिंग के दौरान चॉर्जिंग पॉइंट में धमाका हुआ और इसी के बाद पूरा घर आग की चपेट में आ गया।

### एक के बाद एक गैस सिलेंडर फटने लगे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगने के बाद बैक टू बैक सिलेंडर फटने की आवाज आई। तीन से चार सिलेंडर विस्फोट होने के दावे हैं। वहीं धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। यह भी कहा जा रहा है कि घर में पॉलीमर केमिकल रखा हुआ था, जिसके कारण आग तेजी से फैली।

### इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे लॉक हुए

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पूरे घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के बाद जैसे ही बिजली सप्लाई बंद हुई तो दरवाजे भी लॉक हो गए। इस कारण अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रेस्क्यू टीम को भी दरवाजे तोड़कर घर में घुसना पड़ा।

### पुलिस ने क्या-क्या बताया?

शुरुआती जांच में सामने आया है कि घर में आग का कारण श्वङ्क कार के चॉर्जिंग पॉइंट में धमाका था। बाद में यह आग पॉलीमर केमिकल तक पहुंची। मनोज पुगलिया का पॉलीमर केमिकल का कारोबार था। घर के हिस्से में भी यह केमिकल रखा हुआ था। इससे आग और ज्यादा दहक उठी। घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और स्ठक्रस्न टीम फौरन मौके पर पहुंची। दोनों टीमों को आग बुझाने और रेस्क्यू ऑपरेशन में घंटों लग गए। ऐसा इसलिए क्योंकि घर की तीनों मंजिल में आग लग चुकी थी। घर का एक हिस्सा ढह भी गया था। मनोज पुगलिया के घर कोई कार्यक्रम रखा गया था। इसके चलते घर के सदस्यों के अलावा बाहर से कुछ मेहमान भी थे। यह मेहमान भी हादसे की चपेट में आ गए।

## ताइक्वांडो आत्मरक्षा का गुर सिखाने वाला बेहतरीन खेल-सिसोदिया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ताइक्वांडो क्लब पुलिस लाइन द्वारा आयोजित एडवांस ताइक्वांडो ट्रेनिंग प्रोग्राम का तीन दिवसीय शिविर गत 13, 14 व 15 मार्च को स्थानीय राजमोहिनी देवी सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, पार्षद मनोज गुप्ता, विकास पांडे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जन्मेजय मिश्रा व जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के मुख्य आतिथ्य तथा ताइक्वांडो क्लब के संरक्षक विजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष देवेश वर्मा, पूर्व पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, पार्षद अनीता रविन्द्र भारती व मनीषा सिन्हा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

# वन विभाग ने बाघ और तेंदुए के शिकार में शामिल डिप्टी रेंजर सहित 9 आरोपी गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन रायपुर।** दंतेवाड़ा और बीजापुर क्षेत्र के जंगलों में बाघ और तेंदुए के अवैध शिकार में शामिल एक डिप्टी रेंजर सहित कुल 9 आरोपियों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के तहत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। वन विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल में फंदे लगाकर वन्यजीवों का शिकार कर रहे हैं। इसके बाद विभाग और राज्य उड़नदस्ता टीम ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। लगातार निगरानी और जांच के दौरान एक संगठित शिकार गिरोह का खुलासा हुआ। जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि इस अवैध गतिविधि में वन विभाग का ही एक कर्मचारी, डिप्टी रेंजर देवी प्रसाद ओयाम भी शामिल था।

डिप्टी रेंजर पोयाम की मिलीभगत के कारण शिकारियों को जंगल में प्रवेश और शिकार करने में मदद मिली। आरोपियों ने शिकार के लिए लोहे के तार के फंदों का उपयोग किया, जिनमें मांस लगाकर बाघ और तेंदुए को फंसाया गया। फंदे में फंसने के कारण दोनों वन्यप्राणियों की मौत हो गई। बरामद बाघ की उम्र लगभग 3 वर्ष बताई गई है। आरोपी इनकी खाल को रायपुर ले जाकर बेचने की योजना बना रहे थे। इस पूरे मामले में वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.श्रीनिवास राव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में टीम ने इस गिरोह का भंडाफोड़ किया। आरोपियों में शिकार के मुख्य आरोपियों में लक्ष्मण तेलाम, देवीराम ओयाम, रमेश कुड़ियाम, फरसोन पोयामी, सेमला रमेश, सुखराम पोडियाम और छत्रू कुड़ियाम शामिल हैं। पूछताछ के आधार पर ग्राम केशापुर में दबिश देकर तेंदुए की खाल बरामद की गई तथा मासो ओयाम और अर्जुन भोगामी को भी गिरफ्तार किया गया। वनमंडलाधिकारी दंतेवाड़ा रामकृष्णा ने बताया कि बाघ और तेंदुआ दोनों ही अनुसूची-1 के तहत संरक्षित वन्यजीव हैं। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस सफलता पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम को बधाई दी है और संबंधित अधिकारियों- कर्मचारियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मामले की विस्तृत जांच कर शीघ्र न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वन मंत्री केदार कश्यप ने स्पष्ट किया है कि राज्य में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों का शिकार गंभीर अपराध है और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो। वन विभाग की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

# फर्जी जियोटैग करके पंचायत सचिव और रोजगार सहायक ने 10 लाख से अधिक का किया गबन

## मामला प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का, सीईओ के शिकायत पर अपराध दर्ज




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के जनपद पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत फर्जी मस्टर रोल जारी करके मनरेगा से मजदूरी की राशि और प्रधानमंत्री आवास का फर्जी जियोटैग करके हितग्राहियों के आवास का 10 लाख 5881 रुपये हितग्राहियों और मजदूरों के खाते में अंतरित करवाने के बाद गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कार्यालय जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने तत्संबंध में शंकरगढ़ थाना में जांच रिपोर्ट के साथ लिखित शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि जॉन कुमार टोप्पो पंचायत सचिव एवं संजय दास ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हरगवां के द्वारा प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों का आवास का फर्जी जियोटैग करके आवास की राशि उनके खाते में अंतरित कराने के बाद सात हितग्राहियों से नकद, अंगूठा लगवाकर 09 लाख 50 हजार रुपये गबन किया गया है। वहीं स्वीकृत आवास का फर्जी मस्टररोल जारी करवाकर विभिन्न मजदूरों के खाते में मजदूरी की राशि अंतरित कराते हुए 01 लाख 881 रुपये का गबन किया गया है।

**केस-1** विस्टा पैकरा/लोडे एवं बिस्टा/लोडे एक ही व्यक्ति हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्राम सभा प्रस्ताव फार्म में सरल क्रमांक 14 में विस्टा/लोडे को पात्र तथा आवास प्लस ग्राम सभा प्रस्ताव फार्म में सरल क्रमांक 47 में विस्टा पैकरा/लोडे को पात्र कर पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा आवास स्वीकृत कराया गया। हितग्राही के नाम पर आवास अप्रारंभ है, जबकि हितग्राही के खाते में 02 लाख 40 हजार रुपये तथा मनरेगा से 33 हजार 894 रुपये भुगतान कराया गया है।

**केस-2** इदना पिता माघे एवं शांति दोनों पति-पत्नि नहीं हैं, और मुन्ना पत्नि शांति के नाम से आवास स्वीकृत है, जो वर्तमान में अप्रारंभ है फिर भी शांति के नाम से 01 लाख 20 हजार रुपये जारी कराया गया है, जबकि शांति के पति मुन्ना के नाम आवास पूर्व में ही स्वीकृत हो चुका है।

**केस-3** मंगरू पिता शिवनाथ एवं मुन्नी दोनों पति-पत्नि हैं, मंगरू शिवनाथ का आवास टॉप लेबल पर प्रगतिरत है। मुन्नी के नाम आवास वर्तमान में अप्रारंभ है, लेकिन इन्हें 01 लाख 20 हजार रुपये तथा मनरेगा से 20 हजार 358 रुपये का लाभ दिलाया गया है।

**केस-4** बिजू पिता टेडगु के नाम से स्वीकृत आवास वर्तमान में अप्रारंभ है, लेकिन हितग्राही के खाते में 01 लाख 20 हजार रुपये तथा मनरेगा से 21 हजार 942 रुपये भुगतान हो चुका है।

**केस-5** जुगना पिता तेतरा के नाम स्वीकृत आवास वर्तमान में अप्रारंभ है, लेकिन हितग्राही को 01 लाख 20 हजार रुपये और मनरेगा से 24 हजार 687 रुपये भुगतान कराया गया है।

**केस-6** निशांत कुमार एक्का पिता अमृत एक्का के नाम स्वीकृत आवास वर्तमान में अप्रारंभ है, इसके नाम पर भी 95 हजार रुपये जारी कराया गया है। हितग्राही के बयान के आधार पर सामने आया कि 40 हजार रुपये ओ.टी.पी. के माध्यम से रोजगार सहायक संजय दास आवास बनवाने के नाम पर लिया है।

**केस-7** ग्राम पंचायत हरगवां के हितग्राही पाण्डुल कुजूर पिता केवटा के नाम स्वीकृत आवास वर्तमान में अप्रारंभ है, हितग्राही का कहना है कि जॉन टोप्पो पंचायत सचिव, एवं ग्राम रोजगार सहायक संजय दास पांच बार अंगूठा लगवाकर 10-10 हजार के मान से 50 हजार रुपये लिए हैं।

### 26 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण, 47 प्रगति पर

जनपद पंचायत शंकरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया है कि ग्राम पंचायत हरगवां में 26 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हैं, शेष 47 आवास प्रगतिरत हैं। संजय दास रोजगार सहायक द्वारा भौतिक रूप से अपूर्ण आवासों को फर्जी तरीके से पूर्ण आवास बताकर जियो टैग किया गया है। पंचायत सचिव जॉन टोप्पो एवं रोजगार सहायक संजय दास के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 07 हितग्राहियों का 09 लाख 05 हजार रुपये एवं मनरेगा से मजदूरी राशि 1,00881 रुपये कुल 10 लाख 05 हजार 881 रुपये आहरण कर गबन करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने उपलब्ध कराए गए दस्तावेज के आधार पर पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 3(5), 316(5), 318(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) का मामला दर्ज कर लिया है।

# सरगुजा ओलम्पिक का आयोजन 21 से, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

## पीजी कॉलेज मैदान में तैयारियां शुरू, 2500 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर सरगुजा ओलंपिक 2026 का तीन दिवसीय संभागीय आयोजन अंबिकापुर में 21 मार्च से होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। सरगुजा ओलंपिक का आयोजन पीजी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता में करीब ढाई हजार युवा अपने खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। बता दें कि बस्तर ओलंपिक की तरह सरगुजा ओलंपिक की प्रतियोगिता इस साल से शुरू की गई है। इसके तहत ब्लॉक और जिला स्तरीय ओलंपिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरा हो चुका है। सरगुजा ओलंपिक के फाइनल प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों के ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। सरगुजा ओलंपिक 2026 का फाइनल 21 मार्च से शुरू हो रहा है। इसके लिए पीजी कॉलेज मैदान में तैयारी की जा रही है। सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत और एसपी राजेश अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि, तीन दिवसीय आयोजन में जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। दो आयु वर्ग, महिला और पुरूष वर्ग में कुल ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी अपना खेल जौहर दिखाएंगे। सरगुजा ओलंपिक का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया गया। इसमें पहले ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक स्तर के विजेता जिला स्तर की प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी सरगुजा ओलंपिक की फाइनल प्रतियोगिता में अपना दम-खम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की व्यवस्था आयोजन समिति करेगी। खिलाड़ियों के रुकने और भोजन की व्यवस्था भी आयोजन समिति करेगी। इसके लिए बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। विभिन्न खेलों में विजेता प्रतिभागियों और टीमों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### इन विधाओं में होगी प्रतियोगिता

सरगुजा ओलंपिक में एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद,ऊंची कूद, 4/100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल की स्पर्धाएं आयोजित होंगी।

# सरगुजा में बारिश के साथ जमकर बरसे ओले, बिछी सफेद चादर



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के मैनपाट में मंगलवार की रात जमकर ओले गिरे। करीब 20 मिनट तक ओलावृष्टि से सड़क से लेकर मैदानों तक और घर की छतों में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। सीतापुर और आसपास के इलाकों में छिटपुट ओले गिरे, बारिश हुई। आगामी तीन दिनों तक सरगुजा संभाग में बारिश और ओले गिरने का पूर्वानुमान है। लगातार बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। बता दें कि सरगुजा संभाग में पिछले दो दिनों से घने बादल छाए हुए हैं और बारिश हो रही है। सोमवार को सूरजपुर और सरगुजा के उदयपुर इलाके में जमकर बारिश हुई। बलरामपुर के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। सरगुजा के उदयपुर इलाके में छिटपुट ओले भी गिरे थे। मंगलवार दिन में भी सरगुजा संभाग में कई स्थानों पर छिटपुट बारिश हुई। मौसम में बदलाव के साथ मैनपाट में मंगलवार को देर शाम से तेज हवाएं चल रही थीं और बूंदाबांदी हो रही थी। रात करीब पौने 11 बजे मौसम एकाएक बिगड़ा और तेज बारिश के साथ ओले गिरने लगे। करीब 20 मिनट तक हुई ओलावृष्टि में मैनपाट के सड़क, खेत ओलों से ढंक गए। ओलों की सफेद चादर मैनपाट के कई इलाकों में दिखी। हालांकि देर रात होने के कारण लोग घरों में ही रहे। पूरे संभाग में बादल छाए हुए हैं। हालांकि सुबह से लेकर दोपहर तक अधिकांश इलाकों में तेज धूप रही। शाम को मौसम में बदलाव देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि सरगुजा में 3 नवंबर के बाद बारिश दर्ज नहीं हुई थी। मौसम में बदलाव के साथ बारिश हो रही है। जिन इलाकों में ओले गिरे हैं, वहां आम, लीची और महुआ की फसल बर्बाद हो गई है। आम बौरों से लदे हुए हैं और अंबिया आ रही हैं। महुआ गिरने लगा है। मौसम की मार का सीधा असर महुआ, आम और लीची की फसल पर पड़ेगा। इसके अलावे किसानों के टमाटर की खेती को भी ओलों से नुकसान हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिन तक सरगुजा संभाग में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान अधिकांश इलाकों में बारिश और कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं।







## शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अभिषेक गुप्ता के माार्गदर्शन में तहसीलदार द्वारा ग्राम बड़कीमहरी में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ग्राम बड़की महरी में त्रिभुवननाथ सिंह द्वारा अतिक्रमित शासकीय भूमि पर मकान एवं बाड़ी का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। किया गया था। जिस पर आज प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया गया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# कोटबहरा में हाथियों ने किसानों की फसलें रौंदी, सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पिछले दो दिनों से डेरा जमाए पांच सदस्यीय हाथियों द्वारा गर्मी सीजन का धान फसल और गन्ना फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। गौरतलब है कि सोमवार की शाम बलरामपुर जिला के सरहद से पांच सदस्यीय हाथियों का दल ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंच गया है। हाथियों के दल ने मंगलवार की रात गांव में खेतों का रुख किया और जमकर उत्पात मचाया। साधु राम, लवकी और गिरधारी प्रधान की गर्मी सीजन की धान फसल को बुरी तरह रौंद दिया। वहीं पप्पू राम सिंह के गन्ने के खेत को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के मुताबिक एक हाथी गांव के एक मकान के बेहद करीब पहुंच गया था। यह दृश्य इतना भयावह था कि घर में रह रहे लोग सहम गए और किसी अनहोनी की आशंका से घिर गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को गांव से दूर खदेड़ा और एक बड़ा हादसा टल गया। हाथियों के रिहायशी इलाके में पहुंचने से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के डर से वे पूरी रात जागते रहे और अपने घरों की रखवाली करते रहे। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पहले भी देखी गई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में लगातार निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी अपील की है।



# चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने किया गया प्रेरित

## प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु आवास की समीक्षा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायतों में आवास चौपाल लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सीईओ श्री रणवीर साय के द्वारा ग्राम पंचायत मितगई में आवास चौपाल का आयोजन किया गया।

जनपद सीईओ ने आवास चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति में आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु आवश्यक सुझाव भी दिया। जनपद सीईओ ने हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को योजना के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।




## 80 हजार अवैध ईंट एवं 3 टन कोयला जब्त



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में अवैध संचालित ईंट भट्टों पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में राजस्व की टीम के द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करते हुए ईंट एवं अवैध कोयला जब्त किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर श्री अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसीलदार श्री सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगरपालिका बलरामपुर के वार्ड क्रमांक-13 में संचालित अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई की गई। मौके पर लगभग 40,000 पकी हुई ईंटें, 15,000 कच्ची ईंटें तथा करीब 03 टन कोयला पाया गया, जिसे जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम डूमरखी में भी अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई करते हुए लगभग 25,000 ईंटों का अवैध निर्माण पाया गया, जिसे जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। उक्त प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्व्यापी महापरीक्षा अभियान में शामिल होने कलेक्टर ने की अपील

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्टीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर कर जिले को पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में उल्लास साक्षरता केन्द्र संचालित है।



कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कटारा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले वासियों से अपील किया है कि राष्ट्व्यापी महापरीक्षा अभियान में 22 मार्च 2026 को आयोजित बुनियादि साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा में अधिक से अधिक भाग लें। ऐसे शिक्षार्थी जिनका नाम उल्लास पोर्टल में सर्वे अनुसार ऑनलाईन पंजीयन हो तथा शिक्षार्थी द्वारा संचालित उल्लास साक्षरता केन्द्र में पठन-पाठन पूर्ण कर लिया हो वे अवश्य भाग लें। कलेक्टर श्री कटारा ने अभियान से जुड़े समस्त स्वयंसेवी शिक्षकों, ग्राम प्रभारियों, जिला एवं विकासखण्ड सर्व संबंधितों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्व्यापी महापरीक्षा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकानाएं दी।

# समिति प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी की बैठक संपन्न

## कलेक्टर ने धान उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समिति प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी की बैठक लेकर धान उठाव की समीक्षा की। कलेक्टर ने समितिवार धान उठाव की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी को शीघ्रता से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उठाव कार्य पूर्ण कर लें। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि वर्तमान में मौसम की अनिश्चितताओं को देखते हुए धान का सुरक्षित एवं समय पर उठाव अत्यंत आवश्यक है, ताकि खराब मौसम या वर्षा से धान को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी समितियां सुव्यवस्थित ढंग से धान उठाव का कार्य संपादन सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने एवं धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रितिका पूजा केरकेट्टा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# गायत्री महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं लखपति दीदी बनने अग्रसर

## सामूहिक प्रयास से मत्स्य पालन बना आय का जरिया

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को न केवल संगठित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है।



इसी क्रम में विकासखंड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत चिनिया की गायत्री महिला स्व-सहायता समूह अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। ग्राम चिनिया की महिलाओं ने सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से सीमित संसाधनों में भी बेहतर कार्य कर रही हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती शिवकुंवर के नेतृत्व में समूह ने मत्स्य पालन को अपनी आजीविका का माध्यम बनाया और आज बेहतर आय अर्जित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

शिवकुंवर बताती हैं कि राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गायत्री महिला स्व-सहायता समूह का गठन किया गया, जिसमें ग्राम की महिलाओं को एकजुट कर नियमित बचत, आंतरिक ऋण व्यवस्था और सामूहिक निर्णय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समूह की महिलाओं ने न केवल नियमित बचत की, बल्कि पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से समय पर ऋण अदायगी कर बैंक का विश्वास भी जीता।

शिवकुंवर ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक, रामानुजगंज शाखा द्वारा समूह को रि-लिंकेज के तहत 6 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। इस सहयोग से समूह ने आजीविका गतिविधियों को नई दिशा दी। समूह ने प्राप्त ऋण राशि का उपयोग करते हुए ग्राम के समीप स्थित पीयाह नाला के तालाब को ग्राम पंचायत के माध्यम से लीज पर लिया और वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन प्रारंभ किया। चालू वित्तीय वर्ष में समूह द्वारा लगभग 10,000 रुपये की लागत से रेहू, कतला एवं मृगल प्रजाति के मछली बीज डाले गए। नियमित देखभाल, उचित चारा प्रबंधन और तकनीकी मार्गदर्शन से आज तालाब में पाली जा रही मछलियों का औसत वजन लगभग 1 किलोग्राम तक पहुंच चुका है। जो सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में मछलियों की बिक्री से लगभग 1,20,000 रुपये का उत्पादन प्राप्त होने की संभावना है। सभी खर्चों को घटाने के बाद समूह को करीब 90,000 रुपये का शुद्ध लाभ मिलने का अनुमान है। वे कहती है कि इससे न केवल समूह की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी बल्कि समूह की सभी महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में अग्रसर होंगी।

राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन से स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन रही हैं। शासन-प्रशासन द्वारा जिले में महिलाओं को कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन, लघु उद्योग एवं अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही बैंक लिंकेज, कौशल प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने के लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में गायत्री समूह द्वारा किया गया प्रयास जिले के अन्य समूहों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## महतारी वंदन योजना से घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना हुआ आसान

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को स्वयं पूरी कर रही हैं और अपने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग कर रही हैं।

विकासखंड बलरामपुर के ग्राम रामनगर की निवासी श्रीमती शर्मीला केरकेट्टा के जीवन में महतारी वंदन योजना ने सकारात्मक परिवर्तन लाया है। शर्मीला एक साधारण परिवार से हैं, सीमित आय के कारण घर के दैनिक खर्च उठाना काफी कठिन होता था। कई बार छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना उनके जीवन में सहारा बनकर आई। योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिलने लगी। इस राशि का उपयोग वे घरेलू जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। वे बताती हैं कि अब तक उन्हें 25 किश्त के माध्यम से 25000 रुपये मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया है। श्रीमती शर्मीला बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें आर्थिक सहायता मिली है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# वारूनी महामेला में 32 निसान दलों का महासंगम



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत अजबनगर में आयोजित श्री हरिचांद ठाकुर के 215 वें जन्म महोत्सव पर वारूनी महामेला आस्था और सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय उदाहरण बनकर सामने आया है।

महोत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक दृश्य तब देखने को मिला जब एक साथ 32 निसान दलों का आगमन हुआ। इन दलों ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि अपने पारंपरिक अंदाज, अनुशासन और श्रद्धा से पूरे आयोजन को जीवंत कर दिया। ग्राम पंचायत रविंद्रनगर, संजयनगर, अजीरमा, बलरामपुर, सरगांव, सकालो, भगवानपुर, सुभाषनगर, मदनपुर, सिलफिली के अलावा मध्यप्रदेश के सतना जैसे क्षेत्रों से पहुंचे दलों ने इस मेले को क्षेत्रीय सीमाओं से परे एक विशाल धार्मिक उत्सव का रूप दे दिया है। निसान दलों ने मंदिर पहुंचने से पहले अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया।

भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों के साथ यह यात्रा आगे बढ़ती रही, जिससे पूरा इलाका एक धार्मिक यात्रा जैसा प्रतीत हुआ। शाम लगभग 7 बजे से मंदिर परिसर में निसान दलों का आगमन शुरू हुआ, जिसमें देर रात 12 बजे तक एक-एक कर सभी 32 दल मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। निसान दलों के साथ आए श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। ढोल, मांदर, झांझ और नगाड़ों की ताल पर भक्त झूमते-गाते मंदिर पहुंचे। कई स्थानों पर पारंपरिक नृत्य भी देखने को मिला, जिसने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। इस महामेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राहियों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने अपील

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जुड़ी हितग्राहियों को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ओटीपी फ्रॉड और बैंक खातों से अवैध निकासी की घटनाओं को देखते हुए सभी लाभार्थियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की अपील की गई है।

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से अंतरित की जाती है। इसके लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी मांगता है, तो यह साइबर धोखाधड़ी का प्रयास हो सकता है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र की सभी हितग्राहियों को इन सुरक्षा उपायों की जानकारी अनिवार्य रूप से दें। साथ ही ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर साइबर जागरूकता फैलाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दें।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना हितग्राही क्या करें, क्या ना करें

हितग्राहियों को सलाह दी गई है कि वे अपने बैंक खाते की जानकारी केवल अधिकृत बैंक कर्मियों के साथ ही साझा करें। मोबाइल नंबर को बैंक खाते एवं आधार से लिंक रखना सुनिश्चित करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की जानकारी तुरंत बैंक या पुलिस को दें। बैंक से प्राप्त एसएमएस अलर्ट को नियमित रूप से जांचते रहें तथा एटीएम डेबिट कार्ड का पिन पूरी तरह गोपनीय रखें।

हितग्राही किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, बैंक विवरण, पिन या पासवर्ड साझा न करें। अनजान कॉल, व्हाट्सएप लिंक या फर्जी सरकारी अधिकारियों के झांसे में न आएं। योजना में नाम जोड़ने या पैसा दिलाने के नाम पर किसी को पैसे न दें। किसी भी संदिग्ध ऐप या लिंक को डाउनलोड करने से बचें और सार्वजनिक स्थानों पर बैंकिंग जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की सहायता या शिकायत के लिए हितग्राही नजदीकी बैंक शाखा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पुलिस थाना या साइबर सेल से संपर्क कर सकते हैं।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने लंबित मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

भैयाथान। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर भैयाथान इकाई द्वारा शासकीय कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम पर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैयाथान को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उनकी प्रमुख मांगें जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। 8, 16, 24, 32 वर्ष का समयमान वेतनमान लागू किया जाए। अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस तक किया जाए। वेतन विसंगतियों को दूर कर पिंगुआ



समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को समयमान वेतनमान दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति में 10% सीमा समाप्त की जाए। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। संविदा/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। आउटसोर्स एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति बंद की जाए। उक्त मांगों के समर्थन में फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक सतीश प्रताप सिंह, जिला उप संयोजक महेश पैकरा, अमरनाथ चौबे जिलाध्यक्ष सर्व शिक्षक कल्याण संघ सूरजपुर, अवधेश यादव ब्लॉक उप संयोजक, रज्जाक अंसारी, बृजेश पाण्डेय, पंकज मोहन यादव, प्रशांत गुप्ता, अनिल कुमार कुजूर, यशवंत प्रताप सिंह, विनोद दुबे, निर्मल एक्का, शिवलाल पैकरा, संजय यादव, त्रिभुवन, विमलेश, रामानंद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय में 21-22 मार्च को राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ.गिरिश चंदेल के आदेशानुसार तथा निदेशक विस्तार सेवाएं एवं निदेशक प्रक्षेत्र डॉ.एस.एस.टुटेजा के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंबिकापुर में तिलहन मेला/किसान मेला 2026ह्व का आयोजन दिनांक 21-22 मार्च, 2026 को किया जाएगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स (एनएमईओ-



ओएस) के अंतर्गत कृषि विभाग एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। डॉ.एस.एस.टुटेजा ने बताया कि इस दो दिवसीय मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए तिलहन फसलों के उन्नत उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं नवीनतम कृषि नवाचारों की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, कृषि छात्र, स्टार्टअप एवं कृषि उद्यमी भाग लेंगे। मेले के दौरान विभिन्न कृषि आधारित कंपनियों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, उर्वरक एवं नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कृषक पाठशाला एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे किसानों को सीधे वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित तिलहन अनुसंधान एवं विस्तार कार्यक्रम, फ्लैगशिप योजनाएं एवं राज्य की प्रमुख कृषि उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उद्यानिकी, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं आदिम जाति विकास विभाग की सहभागिता भी सुनिश्चित रहेगी। कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों से इस मेले में भाग लेकर नवीन तकनीकों का लाभ उठाने की अपील की है।

# बिहान योजना ने अंजू गोलदार को बनाया आत्मनिर्भर



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी जा रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ह्यबिहान के माध्यम से जिले की ग्रामीण महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रख रही हैं। सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत सरगवां की निवासी श्रीमती अंजू गोलदार की है, जिन्होंने डेयरी व्यवसाय को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

## बिहान ने खोले आय के नए द्वार

श्रीमती अंजू गोलदार बताती हैं कि एक समय उनकी आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की उच्च शिक्षा को लेकर वे हमेशा चिंतित रहती थीं। बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा मोड़ आया। उन्होंने शासन की सहायता से डेयरी गतिविधि हेतु गाय क्रय करने के लिए ऋण प्राप्त किया। आज उनके पास जर्सी नसल की दो गाय हैं। जिससे उनके लिए आय के नए द्वार खोल दिए।

## बच्चों को मिलेगा अच्छा भविष्य

अंजू के बतातीं हैं कि वर्तमान में डेयरी व्यवसाय से उन्हें प्रतिमाह लगभग 20 से 22 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। सभी खर्चों की कटौती के बाद वे 12 से 15 हजार रुपये तक की नियमित शुद्ध बचत कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस राशि से अब वे अपने दोनों बच्चों की अच्छे विद्यालय में पढ़ाई सुनिश्चित कर पा रही हैं।

## कृषि उत्पादन में भी हुई वृद्धि

डेयरी व्यवसाय का लाभ केवल दुग्ध विक्रय तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे प्राप्त अतिरिक्त आय का उपयोग अंजू अपने खेती-किसानी के कार्यों को और अधिक उन्नत बनाने में कर रही हैं। इससे उनके कृषि उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज हो रही है।

## सफलता का श्रेय दिया राज्य शासन की नीतियों को

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय राज्य शासन की नीतियों को देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। अंजु गोलदार का कहना है कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चलाई जा रही योजना सराहनीय हैं। घरेलू महिलाओं के लिए डेयरी फार्मिंग का ऋण एक वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने अन्य ग्रामीण महिलाओं से भी अपील की है कि वे बिहान योजना से जुड़कर अपनी रुचि के अनुसार आजीविका गतिविधियों को अपनाएं और स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं।

# प्रेमिका से शादी की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, एक घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सोनभद्र। जनपद के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक प्रेमिका से शादी की जिद को लेकर अचानक टावर पर चढ़ गया। मामला सोमवार का बताया जा रहा है, जहां पंचमुखी पहाड़ी के पीछे स्थित टावर पर युवक के चढ़ने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक टावर पर चढ़कर लगातार यह कहता रहा कि जब तक उसकी शादी उसकी प्रेमिका से नहीं कराई जाएगी, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। युवक की इस जिद और ऊंचाई पर खड़े होने की स्थिति ने मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थाम दीं। घटना की



जानकारी मिलते ही टावर के नीचे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई इस हाई वोल्टेज ड्रामे को देख रहा था और युवक की सुरक्षा को लेकर चिंतित था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक से बातचीत शुरू की और उसे समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद युवक को किसी तरह टावर से नीचे उतरने के लिए राजी किया गया। लगभग एक घंटे तक चले इस पूरे घटनाक्रम ने इलाके में तनाव का माहौल बनाए रखा। आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और युवक सुरक्षित नीचे उतर आया। टावर से नीचे उतरने के बाद पुलिस युवक को अपने साथ कोतवाली ले गई, जहां उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला और बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा। एक महिला और 9 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जटगा चौकी क्षेत्र के रावा मुख्य मार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान ग्राम बरीउमराव निवासी कुंती बाई (35 वर्ष) और मनीषा कुमारी (9 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों एक बाइक सवार युवक के साथ चौथिया बारात से अपने घर लौट



रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक रावा मुख्य मार्ग पर पहुंची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सड़क पर गिर पड़े और भारी वाहन का पहिया महिला और बच्ची के सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं बाइक चला रहा युवक भी हादसे के बाद से लापता है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन और आरोपी की पहचान की जा सके। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। यह हादसा एक बार फिर सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही के खतरों को उजागर करता है।

# जनपद पंचायत लखनपुर में दिव्यांगजनों हेतु शिविर का हुआ आयोजन, 124 ने कराया पंजीयन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जनपद पंचायत लखनपुर में मंगलवार को दिव्यांगजनों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को पंजीयन, चिकित्सा परीक्षण, प्रमाण पत्र निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी गई। शिविर में दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें अस्थि बाधित 71, दृष्टि बाधित 16, मानसिक 19, बहु विकलांग 06, श्रवण बाधित 01, मूक-बधिर 08, कुष्ठरोगी 02 एवं अन्य 01 शामिल रहे। इस प्रकार कुल 124 दिव्यांगजनों का



पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। जिनमें दृष्टि बाधित 01, अस्थि बाधित 20, कुष्ठरोगी 02, श्रवण बाधित 04 एवं मानसिक 14 शामिल हैं। इस प्रकार कुल 41 दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे 3 युवकों की दम घुटने से मौत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। रामकृष्ण केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दर्दनाक हादसा सामने आया है। सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान तीन युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गोविंद सेंद्रे, अनमोल मछकन और प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। तीनों युवक आरडीए कॉलोनी, वॉल फोर्ट सिटी के पीछे के निवासी थे और सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि लगभग 25 से 30 फीट गहरे टैंक में उतरने के दौरान ऑक्सीजन की कमी और जहरीली गैस के कारण तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। गहराई और जहरीली गैस के कारण शव निकालना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। गैस मास्क और



विशेष उपकरणों की मदद से ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इससे पहले तेलीबांधा क्षेत्र में भी इसी तरह के हादसे में दो युवकों की जान जा चुकी है, जिससे शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के बाद मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में शोक का माहौल है। विशेषज्ञों का कहना है कि सेप्टिक टैंक जैसे कन्फाइंड स्पेस में काम करते समय सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन सपोर्ट और गैस जांच अनिवार्य होती है। प्रारंभिक जानकारी में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की आशंका जताई जा रही है। जिला प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी में पेयजल संकट से निपटने विकासखंडवार नोडल अधिकारी नियुक्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं त्वरित हैण्डपम्प के संधारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि आमजन टोल फ्री नम्बर 1916 पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध पेयजल (हैण्डपम्प संधारण हेतु) पंजी में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड अम्बिकापुर हेतु सहायक अभियंता श्री मुकेश कुमार गुप्ता नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी में विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु उप अभियंता सुश्री सीमा केहरी, विकासखण्ड लखनपुर हेतु उप अभियंता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विकासखण्ड उदयपुर हेतु उप अभियंता श्रीकांत खिलाड़ी एवं विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु उप अभियंता सुश्री सुभद्रा सिंह होंगी। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड सीतापुर अंतर्गत नोडल अधिकारी सहायक अभियंता अभिषेक कुमार गुप्ता होंगे तथा सहायक नोडल अधिकारी में विकासखण्ड सीतापुर एवं मैनपाट हेतु उप अभियंता मनोज कुमार केंवट, विकासखण्ड बतौली हेतु उप अभियंता कपिल वर्मा होंगे। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर के कन्ट्रोल रूम में ट्रेसर साजन खुटे की ड्यूटी लगायी गयी है।

# ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन टीकाकरण अभियान की जिले में हुई शुरूआत भव्य शुभारंभ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 16 मार्च से हुआ। मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में अम्बिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थित रहीं। प्रथम एचपीवी वैक्सीन 14 वर्ष की अंकिता टोप्पो को लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस.मार्को ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो, परंतु 15 वां जन्मदिन ना मनाया हो। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लोगों से अपने 14 वर्ष की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान डॉ अविनाशी कुजुर द्वारा सर्विकल कैंसर व इससे बचाव हेतु एचपीवी




वैक्सीन की उपयोगिता के सबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती किरण साहू, अभय साहू, अनिल तिवारी, मनीष बारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.एस मार्को, सिविल सर्जन डॉ.जे.के.रेलवानी, डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ रमेश चन्द्र आर्या, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी.के.सिन्हा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. के. पी. विश्वकर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाशी कुजुर, अंकित वर्मा, सुरेश एक्का उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



**चुनाव**

राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

> पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है। पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढहना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**ग्लोबल वार्मिंग**

ऋतुपर्ण दवे



# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग





संकलित

**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान





संकलित

**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*-कविता रानी, सोनीपत*

### ट्रेंड

#### जन्मदिन की शुभकामनाएं



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री

#### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं



होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निधारित समझौता" नही है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। **-एस जयशंकर**, विदेश मंत्री

#### जमीनी हकीकत अलग



पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। **-मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस, अध्यक्ष

#### देश में ईंधन संकट का डर



प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। **-संजय सिंह**, सांसद आप



### करंट अफेयर

## किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखीं



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

### ऑफ बीट

## पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में होते हैं अलग



पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।

# यह युद्ध नहीं आर्थिक संबधो का है मकड़जाल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मध्यपूर्व का युद्ध अंतर्राष्ट्रीय संबधो का मकड़जाल लगता है या सब कुछ उल्टा-पुलटा सा दिखता है। यह युद्ध बम दर्शन से कहीं अधिक डालर, शेकेल बनान रियाल के त्रिकोणीय युद्ध और उससे उत्पन्न हो रही स्थितियां बिल्कुल उलटा-पुलटा या विभिन्न देशो के परस्पर अंतर्राष्ट्रीय व व्यापारिक संबधो के मकड़ी का जाल लगती है। अब देखिए ना होर्मुज मार्ग भले ही युद्ध के भयानक ज्वार की भंवरो में है, लेकिन भारत के मालवाहक पोत नंदा देवी और शिवालिक उस भंवर से निर्बाध निकल कर भारत पहुंच चुके क्योंकि ईरान ने भारत को मित्र देश मान होर्मुज में भारतीय जहाजो को प्रतिबंधमुक्त रखा है। जबकि भारत के अमेरिका और ईस्त्राइल के संबधो से ईरान के मोजतबा खामेनेई भी वाकिफ है।

यह युद्ध वैश्विक आर्थिक विवशताओं का मकड़जाल है। मामला यह है कि अमेरिका भारत से ट्रेड डील कर चुका है, जबकि ईस्त्राइल रूस के बाद भारत का दूसरा सबसे विश्वसनीय मित्र है जबकि ईस्त्राइल और अमेरिका ईरान से युद्धरत है और ईरान के चाबहार बंदरगाह निर्माण में भारत सहयोगी है। ईरान के समर्थन में रूस और चीन है जबकि चीन भारत का अघोषित शत्रु और रूस सर्वमान्य मित्र है।

ईरान और अरब में चीन का इंवेस्टमेंट है और ईरान अरब देशों में मिसाईल दाग रहा है, हांलाकि यह हमला वहां के अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर है। पाकिस्तान जहां चीन नें बड़ी पूंजी लगाई है और इस समय वह अफगानिस्तान से संघर्षरत है, जबकि चीन के वन वेल्ट वन रूट के स्वप्न का अफगानिस्तान के बिना अधूरा है। जबकि अफगानिस्तान चीनी महत्वाकांक्षा के विरूद्ध भारतअस्त्र हो सकता है। अमेरिका से लेकर ईस्त्राइल, ईरान, यूक्रेन, रूस सभी युद्धरत है, यदि चीन चाहता तो बीफ- नूडल सूप (ताइवान) को गटक जाता? लेकिन ऐसा इसलिए की इस सूप को चीन पचा नही पायेगा उसके आर्थिक व्यवस्था अतिसार हो सकता है? विश्व का महाजन बनने के चक्कर में उसका बहुत उधार फंसा हुआ है इसलिए चीन के पोलित ब्यूरो को अनिद्रा की शिकायत भी है। इससे यह आशंका बहुत बढ़ जाती है कि चीन जैसा दिखाता है वास्तव में वैसा नहीं है, बल्कि आडंबर के प्रकाश मे खड़ा हो ठिगने चीन की जो विशाल परछाई बनती है उससे ही वह विश्व पर धौंस करना चाहता है। जबकि यूक्रेन युद्ध में सहयोग बंद करने और नाटो मे बजट कटौती करने के और अन्य आर्थिक कारणो से यूरोपियन यूनियन इस युद्ध में अमेरिका को मदद नहीं कर रहे है। वही दूसरी ओर यूरोपियन यूनियन नें भारत के साथ वृहद मदर आफ आल ट्रेड़ डील कर लिया है, जबकि ईस्त्राइल के शाश्वत शत्रु गल्फ देश उसके समसामायिक मित्र है और ईरान के विरूद्ध है। रही बात भारत की तो यह विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और अगर बजार बंद तो फिर चाहे अमेरिका, चीन, ईरान या अरब हो सबकी दुकानदारी का शटर गिर जायेगा।



मनोज कुमार सिंह
निज विचार

# बीजपुर में नवरात्रि पर भव्य श्रीराम कथा की तैयारी तेज, कलश यात्रा और शोभायात्रा को लेकर बनी रूपरेखा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बीजपुर सोनभद्र। नवरात्रि के पावन अवसर पर बीजपुर क्षेत्र में भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। बीजपुर-रेणुकूट मार्ग स्थित बेड़ियां हनुमान मंदिर प्रांगण में महंत मदन गोपाल दास की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कलश यात्रा, शोभायात्रा और 9 दिवसीय श्रीराम कथा के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए बताया गया कि 18 मार्च को सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 19 मार्च को सुबह 9 बजे शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले 9 दिवसीय श्रीराम कथा कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। आयोजन समिति ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए अलग-अलग कार्यों का बंटवारा किया। आयोजन की खास बात यह है कि इसमें हिमाचल प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम मोहन दास रामायणी शिरकत करेंगे। इसके साथ ही अयोध्या से कई साधु-संत भी इस धार्मिक आयोजन में भाग लेंगे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक के दौरान आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को भव्य और सफल बनाएं तथा धर्म लाभ प्राप्त करें।

# छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ की हुई बैठक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर।छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कर्मचारी भवन बिलासपुर में आयोजित बैठक में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष विजय लहरे ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ द्वारा दायर एसएलपी क्रमांक 693/2023 को निरस्त कर दिया है। इस निर्णय से 4 दिसंबर 2018 को जारी अध्यादेश, जिसके आधार पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की वरिष्ठता प्रभावित हो रही थी, निरस्त हो गया है। संघ ने इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया और माननीय न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। संघ ने अब 2019 में जारी वरिष्ठता सूची के आधार पर विधि सम्मत पात्र ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की पदोन्नतियां सुनिश्चित कराने हेतु आगामी रणनीति तैयार की है। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के संरक्षक एम पी आड़े सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मैनपाट विकासखण्ड का किया दौरा



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत ने मैनपाट विकासखण्ड का दौरा किया और स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र, आश्रम-छात्रावास, पीएम आवास, पीएम जनमन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीवीटीजी बसाहट डुमरडूगु में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवा आश्रम कलजीवा का निरीक्षण किया और बच्चों से मिलकर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र मालतीपुर का निरीक्षण किया और रेडी टू ईट के एक्सपायर्ड पैकेट पाए जाने पर सेक्टर सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी ली।

# स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित




छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जिले अम्बिकापुर में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। राष्ट्रपति भवन, पंडो नगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीतापुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लुण्ड्रा में आयोजित शिविरों में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सरगुजा के समन्वय से आयोजित इस अभियान में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकीय एवं तकनीकी टीम ने रक्त संग्रहण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी एस मार्को ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थानों से अपील की है कि वे इस स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में सहभागिता कर मानव सेवा के इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# मुख्यधारा की ओर लौटता विश्वास : 140 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ में शांति, विकास और विश्वास की नई तस्वीर सामने आई है। बीजापुर और कांकेर जिलों से आए 140 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने आज विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर मुख्यधारा में लौटने की खुशी साझा की। मुख्यमंत्री साय ने आत्मसमर्पित नक्सलियों से आत्मसमर्पण से पहले के जीवन और वर्तमान परिस्थितियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान नक्सलियों ने बताया कि अब उनका जीवन पूरी तरह बदल चुका है—जहां पहले वे जंगलों में असुरक्षा और भय के बीच जीवन बिताते थे, वहीं अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्रों में अब सड़कों, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे जीवन आसान हुआ है। कुछ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने पहली बार होली जैसे त्योहार को परिवार के साथ मनाया, यह उनके लिए एक नया और सुखद अनुभव रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल व्यक्तिगत बदलाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान पर विश्वास जताकर सभी ने एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, रोजगार और सामाजिक पुनर्स्थापन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नक्सलवाद उन्मूलन के संकल्प को शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक भी उपस्थित थीं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ आयोजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

चोपन/सोनभद्र। मंगलवार को नगर स्थित रेलवे इंटर कॉलेज परिसर में भारतीय जनता पार्टी मंडल चोपन के तत्वावधान में दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं और लाभार्थियों को जागरूक करें।कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यों की समीक्षा, तथा आगामी चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा की बैठक 20 मार्च को

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 20 मार्च 2026 को सायं 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित है। बैठक में जल जीवन मिशन के विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा उपरांत अनुमोदन प्रदान किया जाना है। उन्होंने सर्वसम्बन्धितों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने की सौजन्य मुलाकात

## रायपुर-रीवा हवाई सेवा के लिए की मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने शुक्ला का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने इस दिशा में मुख्यमंत्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही। उल्लेखनीय है रायपुर और रीवा के मध्य हवाई सेवा प्रारंभ हो गई है। इससे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लोगों की यात्रा आसान होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, डॉ.हिमांशु द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा से होगा 9 दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




भटगांव। 6 से 14 अप्रैल तक 9 दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 6 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से होगी। इस आयोजन में प्रतिदिन धार्मिक प्रसंग होंगे, जैसे कि अग्नि स्थापना, सती चरित्र, शिव विवाह, रावण अत्याचार, पृथ्वी पुकार, राम जन्म, मुनि आगमन, धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाहोत्सव, श्रीराम वनवास, भरत मिलाप, सीता हरण, बाली वध, श्री रामराज्याभिषेक और पूणार्हुति। आचार्य पं.आशीष पाण्डेय महाराज यज्ञाचार्य की भूमिका निभाएंगे और भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्श और धर्म के संदेशों का विस्तार से वर्णन करेंगे। शिवमंदिर समिति भटगांव एवं समस्त नगरवासियों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कथा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु जुड़ सकें। 14 अप्रैल को महाभंडारा और भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्रीराम की झांकियां और भक्ति संगीत के साथ नगर में विशाल धार्मिक आयोजन होगा।

# आज से शुरू होगा श्रीराम प्रकटोत्सव कथा एवं शोभा यात्रा, दीप उत्सव से होगा शुभारंभ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जरही। अंबिकापुर के उर्जानगर में 19 मार्च से 28 मार्च तक श्रीराम प्रकटोत्सव कथा एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत आज शाम 6 बजे दीप उत्सव से होगी। इस 10 दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन श्रीराम कथा, भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। प्रसिद्ध कथावाचक पं. आचार्य लोमेश गर्ग (शुक्ल) संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। 20 मार्च को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 21 मार्च से श्रीराम कथा प्रारंभ होगी, जो प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगी। 28 मार्च को महाभंडारा और भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्रीराम की झांकियां और भक्ति संगीत के साथ नगर में विशाल धार्मिक आयोजन होगा।

# बड़ी दुर्घटना के इंतजार में जिला प्रशासन



रामानुजनगर। सूरजपुर के ब्लाक रामानुजनगर-कृष्णपुर मार्ग के किनारे सूखे आम के पेड़ों को काटने की अर्जी लगभग छः माह पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामनिवास साहू ने कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजनगर में लगाई थी। अपने आवेदन में उन्होंने लिखा था कि सड़क के किनारे सूखे आम व अन्य प्रजाति के पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। यदि इन्हें काटा नहीं गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। किंतु आज पर्यंत कुछ सूखे पेड़ नहीं कटे हैं कुछ को गांवों वालों ने काट लिया है जो बचे हैं वो कभी भी अंधड़ बारिश में गिर सकते हैं जिससे जन धन की हानि होना सुनिश्चित है। साहू ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि चिन्हांकित पेड़ों को अविलंब काटा जाए।

# आज से प्रारम्भ चैत्र नवरात्र पर शक्ति की उपासना के लिए देवीमन्दिर सजकर हुए तैयार





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** आज से प्रारंभ चैत्र नवरात्र पर आदिशक्ति माँ की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। गांव गांव से लेकर शहर सहित समूचे जिले में धार्मिक मंत्रोच्चार एवं परंपरागत तरीके से शक्ति की भक्ति में श्रद्धालु लीन रहेंगे।

शक्ति की आराधना के लिए जहां जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों व ग्रामीण क्षेत्रो में देवालयों को साफ सफाई के साथ रंग रोगन कर रंगीन रोशनी से सजाया गया है। जहां पूजा अर्चना के साथ आस्था के दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। वहीं गांव गांव के देवल्ला में ज्वारा बोकर माता रानी की पूजा पूरी श्रद्धा व उल्लास के साथ की जाएगी। जिसके लिए गांव से शहर तक व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के प्रसिद्ध कुदरगढ़ देवी धाम में कुदरगढ़ ट्रस्ट के द्वारा श्रद्धालुओ की सुविधा के दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए गए है। यहां मेला के साथ मां बागेश्वरी के दरबार मे प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर

## जगमगाएंगे आस्था के दीप

आस्था के दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। यहां श्रद्धालुओ की सुविधाओं के मद्देनजर माँ बागेश्वरी के लाइव आरती व दर्शन की व्यवस्था की गई है। शहर से लगे देवीपुर स्थित माँ महामाया देवी धाम में माँ महामाया सेवा समिति व ज्वारा समिति के द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। यहां माँ महामाया की विशेष पूजा अर्चना साथ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था के दीप प्रज्वलन की तैयारी है जहां श्रधालुओ के द्वारा दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। इसी तरह पम्पापुर स्थित माँ समलाई मन्दिर, तिलसिवां स्थित दुर्गा मंदिर, गायत्री मन्दिर, पँचमन्दिर स्थित माँ दुर्गा मंदिर, गोपालपुर माँ दुर्गा मंदिर, जमडी स्थित दुर्गामंदिर सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में नवरात्र पर विशेष पूजा अर्चना की तैयारी की गई है जहां आज विधिविधान से कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति की आराधना प्रारम्भ होगी।

### तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव में कुश्ती, वॉलीबाल, कबड्डी और मल्लखम्ब का होगा प्रदर्शन

जिला प्रशासन एवं माँ बागेश्वरी धाम ट्रस्ट कुदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन 23 से 25 मार्च तक माँ बागेश्वरी धाम, कुदरगढ़ में किया जायेगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में खेल, संस्कृति और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में खेल कार्यक्रम की थीम ''खूब खेलबो, नशा ले दूर रहबो रखी गई है।

### इन खेल प्रतियोगिताओ का होगा आयोजन

महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के साथ-साथ जिला स्तरीय वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ केवल पुरुष वर्ग के लिए हैं तथा इनमें सूरजपुर जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। आयु का कोई बंधन नहीं है और प्रवेश शुल्क पूर्णतः निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च सायं 5 बजे तक निर्धारित है। वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता में पंजीयन अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपने विकासखण्ड में चिंन्हित किये गए प्रतिनिधियों से सम्पर्क कर सकते हैं। वॉलीबाल के लिए वि.ख. सूरजपुर एवं भैयाथान हेतु खेलावन सिंह, ओडगी एवं प्रेमनगर हेतु प्रभाशंकर प्रसाद तथा प्रतापपुर एवं रामानुजनगर हेतु धर्मपाल रजक से संपर्क किया जा सकता है। कबड्डी के लिए रामानुजनगर एवं प्रेमनगर हेतु रामसुभाष राजवाड़े, भैयाथान एवं ओडगी हेतु संजय यादव तथा सूरजपुर एवं प्रतापपुर हेतु सहदेव रवि से संपर्क किया जा सकता है।

महोत्सव के तीसरे दिन 25 मार्च को सायं 7 बजे पामगढ़ के मल्लखम्ब खिलाड़ियों द्वारा शौर्य एवं नृत्य कला का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

# गायत्री खदान से चोरी का 33 टन कोयला, 13 व 7 सायकल जप्त



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** खदान से कोयला चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने चोरी की घटना पर अंकुश लगाने पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बुधवार की अलसुबह एसडीओपी अभिषेक पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने गायत्री खदान में अचानक दबिश दी। गायत्री खदान में कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस टीम को देखकर कोयला चोरी करने वाले व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी मोटर सायकल व सायकल को छोड़कर भाग निकले। मौके पर 450 बोरी कोयला करीब 33 टन, 13 नग मोटर सायकल व 7 सायकल वहां पाया गया। मौके पर मिले 33 टन कोयला कीमत करीब 2 लाख रूपये को खदान प्रबंधन को सौंपा दिया गया। मामले में धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर खदान के बाहर लावारिश हालत में पाए गए मोटर सायकल व सायकल को जप्त कर इनके वाहन स्वामियों की पतासाजी की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, एसआई प्रदीप सिदार, कृपाल सिंह, एएसआई राकेश यादव व पुलिस के जवान सक्रिय रहे। एसएसपी ने कड़े शब्दों में कहा है कि अवैध कोयला कारोबारी और ग्रामीणों के गठजोड़ को तोड़ने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी है। खदान प्रबंधन को बाउण्ड्रीवाल के अवैध निकास को जल्द बंद कराने और खदान के सुरक्षाकर्मियों के साथ सख्ती से गश्त कराने के निर्देश दिए है।

# जिले में शुरू हुई जनगणना की तैयारी, मकान सूचीकरण हेतु फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार 18 मार्च से प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराना है।प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर ने ए.च.ए.ल.बी. निर्माण, मकान नम्बरिंग, ब्लॉक का नजरी नक्शा तैयार करने, फील्ड ट्रेनर-प्रगणक एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति तथा सी.एम.एम.एस. पोर्टल पर कार्य संपादन की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जनगणना कार्य को निर्धारित समयावधि में व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित फील्ड ट्रेनर्स आगे चलकर अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जनगणना का कार्य जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके।



बैठक में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुनील अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# साक्षरता महापरीक्षा 22 को, जिले के उल्लास केन्द्रों में जोरों पर तैयारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले के समस्त ग्राम, पारा, टोला एवं मोहल्लों में सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित असाक्षर महिला-पुरुषों के लिए 22 मार्च को राज्यव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



चिन्हांकित शिक्षार्थियों को उनके ही पारा-मोहल्ले में संचालित उल्लास केन्द्रों में नियमित पठन-पाठन कराया जा रहा है। इन केन्द्रों में स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा स्थानीय सरगुजिहा बोली में पढ़ना-लिखना, अक्षर ज्ञान एवं बैंकिंग लेन-देन संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है। शिक्षार्थियों को भारत सरकार के उल्लास पोर्टल तथा राज्य शासन के वीएसके वेब पेज पर पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं उल्लास अभ्यास-पुस्तिका भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च की परीक्षा में ऐसे पूर्व-पंजीकृत शिक्षार्थियों को भी शामिल किया जा रहा है, जो किसी कारणवश पूर्व में परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लंबे अंतराल से पढ़ना-लिखना भूल चुके थे। सभी ऐसे शिक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे इस महापरीक्षा में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस संदर्भ में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र पाटले ने शिक्षार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से विशेष अपील की है कि जन-जन को साक्षर किये जाने का यह अभियान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने आग्रह किया कि अपने-अपने ग्राम में पंजीकृत समस्त शिक्षार्थियों को 22 मार्च की महापरीक्षा में सम्मिलित कराएँ तथा ग्रामवासियों को प्रेरित कर अपने ग्राम को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के इस जन-अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।


न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र० / अ–20 (3) / 2025–26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका रेखा सिंह पत्नी दिनेश कुमार सिंह, जाति क्षत्रीय, निवासी देवनंदन नगर फेस–2 सीपत रोड़ बांटीडीह, बालाजी प्रोविजन के पास बिलासपुर, छ०ग० द्वारा अधिकार पत्र धारक– दिनेश कुमार सिंह पिता स्व० जगदीश सिंह, निवासी देवनंदन नगर फेस–2 सीपत रोड बांटीडीह, बालाजी प्रोवि. जन के पास बिलासपुर, छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की शीट नम्बर –09 मोहल्ला जेलपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 3504 / 2 रकबा 0.20 एकड़ में से 0.11 एकड भूमि को अनावेदक / केता पंकज कुमार सिंह पिता महेन्द्र सिंह, निवासी बिहाईड सगुन गार्डन बौरीपारा, गौरी वार्ड कमांक 29. अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा छ०ग० के पास बिकय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू–खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा–आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27 / 03 / 2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 12 / 03 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र० / अ–20(1) / 2025–26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शनि कुमार गोयल आ० देव प्रकाश गोयल, जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि शीट नम्बर–09 मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467 / 4866 / 349 रकबा 1665 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त रही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक 06 / 04 / 2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 16 / 03 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र० / अ–20(1) / 2025–26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सचिन गोयल आ० देव प्रकाश गोयल, जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि शीट नम्बर–09 मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467 / 4866 / 350 रकबा 1665 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31 / 03 / 2026 को समाप्त रही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06 / 04 / 2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16 / 03 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


# डीएमसी ने दिए कुदरगढ़ महोत्सव के प्रचार एवं उल्लास महापरीक्षा हेतु सीएसी को निर्देश

## समग्र शिक्षा की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज कुमार साहू के अध्यक्षता में समग्र के विभागीय कार्यों की बीआरसीसी, एपीसी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। यू डाइस का शत प्रतिशत पूर्णता प्रमाणपत्र, पीएम श्री स्कूलों में प्राप्त राशि विभिन्न मदवार नियमानुसार खर्च, बीआरसी सीआरसी एवं स्कूल ग्रांट में प्राप्त राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र, पांचवी आठवीं के केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा के संचालन की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी बीआरसीसी को निर्देशित किया गया कि 23 से 25 मार्च तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाले कुदरगढ़ महोत्सव का अपने संकुल स्तर में प्रचार प्रसार करें ताकि महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का लाभ अधिकतम लोग ले सकें। 22 मार्च को राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में नवसाक्षर जो भी व्हीएसके ऐप एवं उल्लास पोर्टल में दर्ज हैं उन्हें परीक्षा केंद्रों तक लाने और बैठाने की व्यवस्था हेतु संकुल समन्वयकों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें इस आशय का कार्यालय से पत्र भी जारी किया गया। इसके अतिरिक्त अपार आईडी में तेजी से काम करने हेतु जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार सुधार के लिए भी निर्देशित किया गया। बालिका शौचालय एवं समग्र तथा पीएमश्री के सिविल वर्क का सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्र पूर्ण कराने हेतु कहा गया। बैठक में एपीसी सोभनाथ चौबे, दिनेश द्विवेदी, सूरविंद गुर्जर, प्रोग्रामर कविता सिंह अकाउंटेंट वीरेंद्र सोनवानी एवं जिले के सभी बीआरसीसी मनोज मंडल, रमेश शरण सिंह, मनोज जायसवाल, सुरेंद्र दुबे, नरेंद्र दुबे एवं राजेश कुजूर उपस्थित थे।



# जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने तैयार किया गया रणनीतिक खाका

## रामानुजनगर ब्लॉक कांग्रेस की हुई बैठक



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को रामानुजनगर विश्रामगृह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र साहू के नेतृत्व में की प्रथम आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन किया गया। मुख्य रूप से ब्लॉक प्रभारी मेहंदी यादव एवं बिहारी कुलदीप उपस्थित रहे। संगठन विस्तार हेतु मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ प्रभारियों की नियुक्तियों व उनकी सक्रियता पर जोर दिया गया। प्रभारियो ने बताया आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीतिक खाका तैयार किया गया ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी को और सशक्त बनाया जा सके। बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प के साथ मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान उपाध्यक्ष इस्माइल ख़ान, प्रदीप साहू, आनंद कुंवर, हेमलता रजवाड़े, चन्द्रदत दुबे, गीता सिंह, दिव्या तंजे,निशि जायसवाल, विमला सिंह, अविनाश यादव, विजय साहू, हेमंत साहू, समर्थ प्रजापति, बालमुकुन दास, महेश सिंह, राजेंद्र हितकर, शतवंत सिंह, अविनाश साहू, ऋषि दुबे, परमेश्वर सिंह, विनय दुबे, उत्तम यादव, भूपेन्द्र साहू, भोला गुप्ता, रामशंकर साहू, राजेश सोनी, जगदीश सिंह, संजय गुप्ता, फिरोज ख़ान, रामचन्द्र ठाकुर, जगतपाल सिंह, बाबा ख़ान, विकाश सिंह सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इण्डस्ट्री और बैंकर्स मीट कार्यक्रम का होटल चन्द्रा में हुआ आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** रैंप योजना के अंतर्गत एमएसएमई उद्यमियों के वित्तीय सहायता हेतु इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का कार्यक्रम चन्द्रा होटल में विगत दिवस को आयोजित किया गया। इस मीट में बैंक अधिकारियों और उद्यमियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभागीय योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, औद्योगिक विकास नीति 2024-30 एवं ''प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जानकारी चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री हिमांशु अग्रवाल द्वारा विस्तार से दिया गया। छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति एवं छत्तीसगढ़ लॉजिस्टिक्स नीति के संबंध में चार्टर्ड एकाउण्टेंट स्वयं गोयल द्वारा जानकारी दी गई। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष कलवंत गोयल द्वारा उद्योग स्थापना में होने वाली कठिनाईयों एवं उसके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई एवं नवीन उद्यमियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल द्वारा उद्योग विभाग की भूमिका को स्पष्ट करते हुए उद्योग स्थापना करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया गया। पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधकों ने हितग्राहियों से चर्चा की। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, के प्रबंधक, जयसिंह राज, प्रबंधक, अवधेश कुशवाहा, आदर्श तिवारी, सुचेन्द्र जैन, पुनीत गुप्ता, डीआरपी, नये उद्यमी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की आस्था

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर शहर के महामाया मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में गुरूवार, 19 मार्च से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसे देखते हुए मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चैत्र नवरात्र के दौरान हिंदू संगठनों के द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा और झांकियां निकालने की भी योजना है, इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शहर में साज-सज्जा के साथ अन्य तैयारियां की जा रही हैं।

चैत्र नवरात्रि की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गुरूवार को होगी। मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने और माता की आराधना के लिए अलसुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मां महामाया मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि के पहले दिन





पहुंचने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए की गई तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मां दुर्गा की आराधना शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शुरु होगी। पहले दिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। माता रानी के दरबार में मत्था टेकने का सिलसिला अलसुबह से ही शुरू हो जाएगा। शहर के महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चैक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचेंगे। मंदिरों में देवी भागवत कथा, दुर्गा सप्तसती का पाठ व भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

**पूरे नौ दिनों की होगी नवरात्रि**

मां महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि इस बार नवरात्रि पूरे नौ दिनों की है। मंदिर में सुबह की आरती 5.30 बजे और शाम की आरती शाम 7.30 बजे से शुरू होगी। 3500 तेल के और 1800 घी के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। वहीं मां दुर्गा शक्तिपीठ में लगभग 15-1600 तेल और घी के मनोकामना दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। तेल के ज्योति कलश के लिए 800 रुपये और घी का ज्योति कलश प्रज्जवलन कराने के लिए भक्तों के द्वारा 21 सौ रुपये सहयोग राशि मंदिर प्रबंधन को प्रदान की गई है।

## पागल कुत्ते के काटने से जख्मी हुई महिला की डेढ़ माह बाद बिगड़ी तबियत, हो गई मौत

### अलग-अलग घटनाओं में छह की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में हुई अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पागल कुत्ते के काटने से जख्मी हुई महिला की करीब डेढ़ माह बाद मौत हो गई। मृतिका कमिला पति बधेश्वर कोरवा 34 वर्ष बलरामपुर जिला के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गम्हारडीह की रहने वाली थी। मौत रैबीज से हुई है, या कोई और कारण है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो पाएगा।

मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व वह अपनी पत्नी के साथ जंगल में लकड़ी लेने के लिए गया था, उसकी पत्नी छोटे बच्चे को कपड़े से बांधकर साथ में रखी थी। इसी बीच एक पागल कुत्ता सामने आ गया, बच्चे पर कुत्ता हमला न कर दे, यह सोचकर वह उसे हाथ से डराकर भगाने का प्रयास की, तो कुत्ता उसके हाथ को काट दिया। बचाव में महिला दूसरे हाथ को आगे बढ़ाई तो कुत्ता दूसरे हाथ को काटकर जख्मी कर दिया था। पत्नी के द्वारा मचाए गए शोर को सुनकर लकड़ी बिन रहा पति मौके पर पहुंचा और कुत्ते को भगाया, इसके बाद वे घर आ गए थे, और गांव में ही जंगली जड़ी-बूटी से इलाज करवाए। स्थिति में सुधार होते देख वे जख्मी महिला को अस्पताल नहीं ले गए थे। 16 मार्च को महिला की अचानक तबियत बिगड़ने लगी, इसके बाद उसे शंकरगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, यहां से इलाज के बाद रिफर करने पर एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर आए, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने महिला को भर्ती कर लिया था। इलाज के दौरान 18 मार्च को दिन में 10.30 बजे उसकी मौत हो गई।

**नर्सिंग की छात्रा जहर सेवन की, इलाज दौरान मौत**

एक अन्य मामले में बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुन्नीकला, धंधापुर निवासी कुंती प्रधान पिता गुलाब प्रधान 26 वर्ष, इलाज के दौरान दम तोड़ दी। मृतिका के भाई ऋषि प्रधान ने पुलिस को बताया है कि उसकी बहन कुंती भिलाई में नर्सिंग का पढ़ाई कर रही थी। हाल में वह गांव आई थी। 9 मार्च को दोपहर करीब छोटे भाई दुबेश्वर से पता चला कि बहन जहर पी ली है, उसे बरियो स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जा रहे हैं। यहां से इलाज के बाद रिफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। पूछताछ में बहन बताई के टेंशन में वह जहर पी ली है, लेकिन क्या टेंशन था, इस पर मौन रही। यहां से रिफर करने पर स्वजन उसे शहर के गायत्री अस्पताल ले गए। पुन: 14 मार्च को होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान 17 मार्च को 3.50 बजे उसकी मौत हो गई।

**पत्थर से ठोकर खाकर गिरी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत**

पत्थर से ठोकर खाकर गिरने से चोटिल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पटोरा निवासी अभय के पिता की मौत के बाद आयोजित दशकर्म, चंदनपान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बकराताल की पनमेश्वरी पति विश्वनाथ 70 वर्ष, 15 मार्च को गई थी। 17 मार्च को मोटरसायकल से अभय उसे बकराताल छोड़ने के लिए जा रहा था। ग्राम कर्रा ने महिला ने अभय को लघुशंका के लिए मोटरसायकल रोकने कहा। महिला मोटरसायकल से उतरकर कुछ दूर गई थी, और पैर में पत्थर का ठोकर लगने से गिर गई। घायल महिला को एम्बुलेंस से धौरपुर स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, यहां से रिफर करने पर स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान 18 मार्च को अलसुबह 3.50 बजे उसकी मौत हो गई।

**पानी टंकी के पिलर से टकराई पिकअप, सवार की मौत**

पानी टंकी के पिलर से हुई पिकअप की टक्कर में सुरजपुर जिला के जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली निवासी प्रणव मंडल पिता समरेश मंडल 30 वर्ष की मौत हो गई। मृतक गांव के ही संजय मंडल के साथ पिकअप में सवार होकर कहीं गया था। ग्राम चंदोरीडांड के पास पिकअप का चालक नियंत्रण खो दिया और पानी टंकी के पिलर से टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार घायल हो गए थे। रात करीब 9 बजे अजीत वर्मन नामक व्यक्ति ने घटना की जानकारी फोन करके प्रधव मंडल के चचेरे भाई सुशांत को दी थी, इसके बाद स्वजन लटोरी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। यहां से रिफर करने पर घायल प्रणव को होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां आपातकालीन कक्ष में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**युवक को सांस लेने में हुई तकलीफ, हो गई मौत**

शराब का सेवन किए युवक को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां चिकित्सक ने जांच, उपचार के बीच उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, मृतक नन्दू राम पिता नटरू राम 37 वर्ष, लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सायरराई का रहने वाला था, जो अंबिकापुर में मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम जगदीशपुर में चल रहे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निर्माण में सुमीत अग्रवाल के अधीन राजमिस्त्री का काम करता था, साथ में उसकी पत्नी और साला भी काम करते थे। मंगलवार को दोनों पति-पत्नी शराब पिए, और काम करने के लिए नहीं गए थे। नन्दू का साला काम करने के लिए गया था, जो दोपहर करीब एक बजे खाना खाने के लिए आया था। बहन बताई कि उसके जीजा को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, अस्पताल ले चलो। आननफानन में वे पीड़ित को लेकर अस्पताल पहुंचे, यहां जांच, उपचार के बीच चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पत्नी की मौत के बाद तनाव में रहने वाला वृद्ध जहर पीकर दिया जान**

पत्नी की मौत के बाद से तनाव में रहने वाले वृद्ध ने दूसरी बार जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगमा निवासी मृतक बनीकांत जद्दार 67 वर्ष के पुत्र गोविंद जद्दार ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि 17 मार्च को सुबह करीब 8 बजे उसे पिता झोला लेकर मोटरसायकल से निकले थे, और घर वापस आ गए थे। दोपहर करीब 1.30 बजे उसकी पत्नीबताई के पापा उल्टी कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें होलीक्रॉस अस्पताल लेकर गए, यहां जांच के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कर लिया गया था। गोविन्द जब अपने पिता से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी मां की मौत के बाद जीने का मन नहीं कर रहा है, इसलिए जहर पी लिया हूं। इलाज के दौरान वृद्ध की 17 मार्च की रात 11.10 बजे मौत हो गई। मृतक के पुत्र का कहना है कि मां की मौत के बाद से उसके पिता काफी तनाव में रहते थे। वर्ष 2024 में भी वे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिए थे।

## टाइमर बॉक्स का बटन दबा और सड़क मार्ग हुआ रौशन

### स्ट्रीट लाइट, विद्युत स्तंभ स्थापना के पूर्ण कार्यों का लोकार्पण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्ट्रीट लाइट, विद्युत स्तंभ स्थापना के पूर्ण कार्यों का साईं मंदिर के पास एवं चांदनी चौक में स्थित टाइमर बॉक्स का बटन दबाकर नगर निगम के महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, उप सभापति विजय सोनी सहित अन्य अतिथियों ने लोकार्पण किया। वार्डवासियों ने सड़क पर लाइटों की जगमगाहट को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारत सिंह सिसोदिया, विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य मनीष सिंह एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र सोनी, श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी, प्रियंका गुप्ता, रविकांत उरांव, सुशांत घोष, विपिन पांडेय की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने कहा महापौर परिषद के गठन का आज एक वर्ष पूर्ण हुआ है। हमारी सरकार का नारा है 'हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे' को दिशा देते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार अंबिकापुर शहर की विकास के लिए संकल्पित है। करोड़ों रुपये की सड़क, नाली, पानी, सफाई हेतु स्वीकृति के साथ स्ट्रीट लाइटिंग व विद्युत स्तंभ विस्तार कार्य भी शहर को सुंदर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। शहर के प्रमुख मार्गों के साथ हमने पार्षदों के मांग व सुझाव पर आउटर वार्डों में भी स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य कराया है। शहर के कई वार्डों में सड़क चौड़ीकरण एवं डामरीकरण के कार्य चल रहे हैं। इनको पूर्ण करने के पश्चात सड़कों का चयन कर, क्रम से ऐसी ही लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य मनीष सिंह ने प्रस्तावित सभी स्ट्रीट लाइटिंग व विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य की स्वीकृति हेतु महापौर एवं राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आने वाले समय में कार्ययोजना बनाकर अन्य सड़क मार्गों में भी स्ट्रीट लाइटिंग कार्य का आश्वासन दिया। एमआईसी सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद जितेंद्र सोनी ने कहा उनका वार्ड आउटर है। यहां के लोगों को अंधेरे से मुक्ति और आवागमन सुविधाजनक बनाने की दिशा में पहल हो रही है। महामाया मंदिर जाने के वैकल्पिक मार्ग के रूप में घुटरापारा रोड का उपयोग किया जाता है। नवरात्रि से पूर्व इस कार्य के लोकार्पण से महामाया मंदिर जाने वाले भोर, रात में



आसानी से आना-जाना कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, जन्मेजय मिश्रा, आकाश गुप्ता, करता राम गुप्ता, मनोज कंसारी, कमलेश तिवारी, निरंजन रॉय, शैलेन्द्र सिंह, शिवमंगल सिंह, अनिल तिवारी, आकाश गुप्ता, अतिश सिंह राजपूत, विनोद जायसवाल, विकास गुप्ता, सुमित अग्रवाल, रवि सोनी, अमन गुप्ता, संजू तिवारी, चितरंजन अग्रवाल, नीलम राजवाड़े, प्रियंका चौबे, सरस्वती यादव, नेहा सोनवानी सहित कई वार्डवासी, निगम के अधिकारी-कर्मचारी, ठेकेदार उपस्थित रहे।

**छह कार्य पूर्ण व दो प्रगति पर**

बता दें कि 15वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत चांदनी चौक से घुटरापारा रोड में स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य 19.74 लाख रुपये की लागत से किया गया है। वहीं पीजी कॉलेज वॉकिंग ट्रेक अंतर्गत नवीन स्तंभों का स्थापना कार्य 36.25 लाख रुपये, महेश्वर मंदिर नवापारा से मुक्तिपारा अटल आवास मेन रोड तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत कार्य 24.64 लाख रुपये, गांधी स्टेडियम में एरिया लाइटिंग का कार्य 3.5 लाख रुपये, गांधीनगर बेरियर से मुक्तिपारा अटल आवास तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना का कार्य 26.60 लाख रुपये, सरगवां स्थित पुष्प वाटिका में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत नवीन विद्युत स्तंभों का स्थापना कार्य 19.77 लाख रुपये, साईं मंदिर से मनेंद्रगढ़ रोड तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य 20.99 लाख रुपये एवं शंकर घाट मोड़ से प्रतापपुर मेन रोड तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य के लिए 23.48 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से छह कार्य पूर्ण व दो कार्य प्रगति पर हैं।

## सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख से अधिक नकद और जेवरात की चोरी

### ग्रामीणों ने विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस के हवाले किया




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूने मकान से चोरी करने के मामले में विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बालक के पास से नकदी सहित 02 लाख रुपये का आभूषण जब्त करने में पुलिस सफल हुई है। बालक के विरुद्ध थाना सीतापुर में भी चोरी का प्रकरण दर्ज है। जानकारी के मुताबिक घटना दिनांक 17 मार्च को भिनसारी मिंज पति अनिल मिंज 50 वर्ष के घर का ताला तोड़कर घर के अंदर रखे अलमारी व दो बक्सा का ताला तोड़कर नकदी और सोने का जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया था। घटना के समय महिला सुबह करीब 09 बजे घर में ताला लगाकर अपने खेत में लगे उरदा की फसल में पानी पटाने गई थी, और उसका पति गाय-बैल चराने गया था। महिला का पति अनिल मिंज करीब 11 बजे दिन में घर वापस आया तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर अलमारी व बक्सा का ताला टूटा मिला, और पूरा सामान बिखरा हुआ था। एक लाख रुपये से अधिक नकद और जेवर गायब था। इसकी जानकारी वह गांव के लोगों को दिया, तो खुलारी बाई नामक एक महिला बताई कि एक लड़का उसके घर तरफ से जा रहा था, सम्भवत: वही चोरी किया होगा। इसकी जानकारी मिलने पर अनिल गांव के भऊला के साथ उक्त लड़के को खोजबीन करते पीछा करके पकड़े तो उसके जेब में कुल 1,03100 रुपये एवं सोने का लॉकेट और टप मिला। ग्रामीणों ने उक्त लड़के को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। रिपोर्ट पर थाना बतौली में धारा 331(3), 305(ए) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम घटनास्थल का निरीक्षण करके विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ की तो उसने सूने मकान से नकदी रकम और सोने का लॉकेट व टाप चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में थाना सीतापुर अंतर्गत भी चोरी की घटना करना बताया है। थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा मामले में विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक विवेक सेंगर, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, आरक्षक राजू कुजूर, राजेश खलखो, जोगी बड़ा, राकेश एक्का, भगलू राम, संतोष सक्रिय रहे।

## जनजाति गौरव युवा समाज के पहल पर जनजातीय बहनों ने देखी 'द केरला स्टोरी-2'



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जनजाति गौरव युवा समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत के नेतृत्व में अंबिकापुर स्थित जायसवाल चित्र मंदिर में दो चरणों में लव जिहाद की सच्ची घटनाओं पर आधारित बहुचर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2' को 1300 से अधिक जनजातीय बहनों, माताओं, महिलाओं को दिखाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज की बहनों और बेटियों को झूठे प्रेमजाल एवं षड्यंत्रों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सतर्क करना और अपने जीवन एवं भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करना था। फिल्म के माध्यम से सामाजिक चुनौतियों और वास्तविक घटनाओं को सामने लाकर महिलाओं को सच से अवगत कराने का प्रयास किया गया। दोनों चरणों में आयोजित इस विशेष प्रदर्शन में हजारों की संख्या में भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दर्शकों की भारी सहभागिता ने यह स्पष्ट किया कि समाज में जागरूकता के प्रति सकारात्मक सोच और गहरी रुचि विकसित हो रही है। फिल्म प्रदर्शन के पश्चात कई बहनों एवं युवतियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार की फिल्में समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म से यह संदेश मिलता है कि हमें अपने धर्म, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए तथा सही शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत ने कहा कि समाज की बहनों और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान एवं जागरूकता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा वर्तमान समय में समाज को सजग रहने की आवश्यकता है, ताकि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने परिवार और समाज में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि जनजाति गौरव युवा समाज का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक चेतना और जागरूकता का वातावरण तैयार करना है। बहनों और बेटियों को शिक्षित, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाना अत्यंत आवश्यक है। सशक्त महिला ही मजबूत समाज का आधार होती है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनजाति गौरव युवा समाज सरगुजा की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद बीट गार्ड को हटाया गया, एसडीओ को जांच का जिम्मा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर की सीमा से लगे संरक्षित वन क्षेत्रों पर अवैध कब्जा के आरोपों की जांच विभाग ने शुरू कर दी है। नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने तत्संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वन मंत्री को पत्र लिखा था। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए महामाया पहाड़, खैरबार, बधियाचुंवा, बांकी डेम, लालमाटी और लुचकी बीट के गार्ड अली अहमद को हटाकर इस बीट का प्रभार राजेश यादव को दे दिया है। डीएफओ अभिषेक जोगवत ने बताया कि अग्रिम जांच के लिए एसडीओ


संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कब्जे और वन अमले के संलिप्तता की हो जांच

वन श्वेता कम्बोज को जांच अधिकारी बनाया गया है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि वरिष्ठ पार्षद व भाजपा नेता आलोक दुबे ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि करीब 1500 एकड़ की हरितिमा को नष्ट करने का सिलसिला महामाया पहाड़, खैरबार, बधियाचुंवा, बाकी डेम, लालमाटी और लुचकी क्षेत्र में चल रहा है। वन भूमि में लगे पेड़ों की अवैध कटाई करते हुए भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। यह क्षेत्र शहर के लोगों के लिए ऑक्सीजन हब है। पूर्व में जनवरी और जून माह, वर्ष 2025 में प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने महामाया पहाड़ तथा रनपुर खुर्द के चोरकाकछार क्षेत्र से करीब 100 अवैध मकानों को ध्वस्त किया था, लेकिन यह कार्रवाई महज दिखावा साबित हुई। इसके बाद भी अवैध कब्जे का सिलसिला थमा नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से कक्ष संख्या 2581 और 2582 केखैरबार, बधियाचुंवा, बाकी डेम का हवाला देते हुए कहा था कि यहां संरक्षित वनों की बेतहाशा कटाई वन भूमि पर कब्जा करने के लिए हो रही है। होली के आसपास खैरबार क्षेत्र में सागौन के प्लांटेशन को बड़े पैमाने पर काटने क मय फोटो जानकारी दी गई थी। वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे का कहना है कि इसके बाद 60-70 लोगों को बेदखली का अंतिम नोटिस भी जारी किया जा रहा है, हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि टीम को अवैध कब्जा हटाने निर्देशित किया जाए, और आगामी बारिश के समय पौधारोपण करके हरियाली वापस लाने की पहल की जाए। उन्होंने होली के बाद अतिक्रमण के लिए वृक्षों की कटाई को देखते हुए ठोस कार्ययोजना बनाने का सुझाव भी दिया है।

Since 2003
Based on CBSE Syllabus
Admission Open
Nursery to 10th
Milestones School
English Medium
Add. : Behind Central Bank Gudri Chowk, Ambikapur Mob. 9826190902
Office Time : 10 AM to 2 PM

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर